24 JUNE 2024 M4U:Layout 1 23-Jun-24 6:52 PM Page 1

दैनिक
जनता की आवाज
# मीडिया फॉर यू
प्रकाशन के 09 वर्ष
RNI: UPHIN/2015/65169
सोमवार 24 जून 2024
वर्ष: 09, अंक: 151
पृष्ठ: 04 मूल्य: 02 रुपया
गाजियाबाद से प्रकाशित हापुड़ ❖ मेरठ ❖ शामली ❖ मुजफ्फरनगर ❖ बागपत ❖ सहारनपुर ❖ बिजनौर ❖ दिल्ली एनसीआर में प्रसारित
Email:- m4unews@gmail.com 8445657566



आंवला के अल्ट्रासाउंड सेंटर की... 4

## नीट के लाखों अभ्यर्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़: जयाप्रदा



**नई दिल्ली।** नीट (मेडिकल प्रवेश परीक्षा) पेपर लीक मामले को लेकर फिल्म अभिनेत्री और पूर्व सांसद जयाप्रदा ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि, परीक्षा रद्द होने से मैं बेहद दुखी हूं। मेरे पास शब्द नहीं है कि मैं लाखों बच्चों के आंसू कैसे पोंछू। जो लोग छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं, भगवान उन्हें कभी भी माफ नहीं करेगा। जयाप्रदा ने कहा कि, देश के लाखों लोग अपने बच्चो के लिए सपना देखते हैं और अपना सब कुछ दांव पर लगा कर बच्चों को पढ़ा कर जीवन में कामयाब बनाने का प्रयास करते हैं। बच्चे भी अपने परिवार का सपना पूरा करने के लिए रात-दिन एक करके परीक्षा की तैयारी करते हैं, ताकि वो पास होकर अपना और परिवार का सपना पूरा कर सकें। छात्र पैसे खर्च करके एक राज्य से दूसरे राज्य यात्रा करके परीक्षा देने जाते हैं और 10 घंटे में परीक्षा रद्द कर दी जाती है। यह उनकी भावनाओं के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपील करते हुए कहा कि वो हिम्मत और संयम बनाकर अपनी पढ़ाई जारी रखें। मेहनत और लगन को देखते हुए ईश्वर आपके सपनों को एक एक दिन साकार जरूर करेगा। जयाप्रदा ने नीट पेपर लीक मामले में केंद्र सरकार के एक्शन पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि, सरकार ने मामले की गंभीरता को समझते हुए राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) के महानिदेशक को पद से हटा दिया है। साथ ही शिक्षा मंत्रालय ने मामले को केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंप दिया, इसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करती हूं।

## होमगार्ड स्वयंसेवक के रूप में तैनात होंगे आपदा मित्र, मुख्यमंत्री का नियमावली तैयार करने का निर्देश



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में होमगार्ड विभाग के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि होमगार्ड स्वयंसेवक के रूप में आपदा मित्र तैनात होंगे। मुख्यमंत्री ने इसके लिए नियमावली तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था का विषय हो अथवा आपदाकाल में जनसामान्य के सहयोग का अवसर, होमगार्ड स्वयंसेवकों ने हर समय अपनी कर्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया है। होमगार्ड स्वयंसेवकों की सेवा भावना सराहनीय है। विभिन्न राज्यों में भी उत्तर प्रदेश के होमगार्ड स्वयंसेवकों ने उत्कृष्ट कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में 76 हजार से अधिक पूर्णकालिक होमगार्ड स्वयंसेवक हैं। लगभग 75 हजार ड्यूटी पॉइंट पर प्रतिस्थापित हैं। इनमें से प्रति वर्ष लगभग 4000 होमगार्ड सेवानिवृत्त हो रहे हैं। अनुमान के मुताबिक, वर्ष 2033 तक 42 हजार से अधिक होमगार्ड सेवानिवृत्त हो जाएंगे। ऐसे में नई नियुक्ति की प्रक्रिया समय से पूरी कर लेनी चाहिए। सीएम ने अधिकारियों से कहा कि दो चरणों मे 21-21 हजार होमगार्ड स्वयंसेवकों की तैनाती करने का लक्ष्य लेकर कार्यवाही आगे बढ़ाएं। योगी ने कहा कि राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के माध्यम से तैनात आपदा मित्र के रूप में हमारे पास पहले से ही दक्ष मैनपॉवर है। हमें इनका सदुपयोग करना चाहिए। आपदा मित्रों का प्रशिक्षण कराकर उन्हें होमगार्ड स्वयंसेवक के रूप में सेवा देने का अवसर दिया जाना चाहिए। इस संबंध में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से समन्वय स्थापित करते हुए विधिक परामर्श प्राप्त कर नियमावली तैयार करवाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में सेवारत होमगार्डों को आपदा मित्र का प्रशिक्षण भी कराया जाए। होमगार्ड स्वयंसेवकों की फिजिकल फिटनेस के लिए उनकी साप्ताहिक ड्रिल भी कराई जानी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### इंडिया गठबंधन मिलकर लड़ेगा विधानसभा उपचुनाव, सीट शेयरिंग पर जल्द फैसला: शिवपाल यादव



**इटावा।** सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव रविवार को उत्तर प्रदेश के इटावा पहुंचे। जहां तमाम मुद्दों पर उन्होंने खुलकर अपनी राय रखी। मीडियाकर्मियों से मुखातिब होते हुए उपचुनाव के सवाल पर उन्होंने कहा कि अभी चुनाव की घोषणा नहीं हुई है और जब भी घोषणा होगी तो इंडिया गठबंधन और समाजवादी पार्टी मिलकर चुनाव लड़ेगी और सभी सीट जीतेगी। उपचुनाव में सीट शेयरिंग पर उन्होंने कहा कि जल्द ही हम लोग इस मुद्दे पर आम सहमति बना लेंगे। पहले चुनाव का ऐलान होने दीजिए। करहल सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर शिवपाल यादव ने कहा कि जहां तक इस सीट से प्रत्याशी का सवाल है, तो ये सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव तय करेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि बहुत जल्द राष्ट्रीय अध्यक्ष इसकी घोषणा कर देंगे। किसको कहां से चुनाव लड़ाना है, यह राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के अधिकार क्षेत्र का विषय है। नीट पेपर लीक को लेकर उन्होंने कहा कि नीट के अलावा जितनी भी परीक्षाएं हुई हैं, भाजपा के शासनकाल में सभी का पर्चा लीक हुआ है। जांच करने में देरी हो गई है। अगर पेपर लीक हुआ है तो पहले ही जांच कराकर दंडित किया जाना चाहिए था। यूपी की जिम्मेदारी संभालने के सवाल पर उन्होंने कहा कि जिसे जो भी जिम्मेदारी मिलेगी, वह काम करेगा। पार्टी के सभी नेता, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि मिलकर काम करेंगे।

### लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर खाई में गिरी बस, 42 घायल

**कन्नौज।** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह एक बस पलटकर खाई में गिर गई। हादसे में 42 लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह एक निजी डबल डेकर बस थी, जो जौनपुर से दिल्ली जा रही थी। अल सुबह चालक को झपकी आ जाने के कारण हादसा हुआ। घायलों में 30 को इलाज के लिए सौरिख सरकारी अस्पताल और 12 को तिर्वा मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। एएसपी, सीओ समेत कई थानों की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल यात्रियों को बाहर निकाला। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि यह हादसा छिबरामऊ तहसील के सौरिख थाना क्षेत्र में हुआ। घायल यात्रियों की स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

### नक्सलियों ने घात लगाकर किया ब्लास्ट, दो कोबरा जवान शहीद

**छत्तीसगढ़:** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सलियों ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के एक ट्रक को आईईडी से उड़ा दिया है। इस हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की विशेष इकाई कोबरा 201 बटालियन के दो जवान, जिनका नाम विष्णु आर और शैलेंद्र बताया जा रहा है, शहीद हो गए हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह विस्फोट राज्य की राजधानी रायपुर से 400 किलोमीटर दूर सुरक्षा बलों के सिलगेर और टेकलगुडेम शिविरों के बीच टिम्मापुरम गांव के पास अपराह्न करीब तीन बजे किया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने आगे जानकारी देते हुए कहा कि कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन (कोबरा) की 201वीं इकाई के एक अग्रिम दल ने टेकलगुडेम की ओर सड़क सुरक्षा ड्यूटी के तहत जगरगुंडा पुलिस थाने की सीमा के अंतर्गत सिलगेर शिविर से गश्त शुरू की थी। सुरक्षाकर्मी एक ट्रक और मोटरसाइकिल पर सवार थे। नक्सलियों ने ट्रक को निशाना बनाकर आईईडी धमाका किया, जिसमें कांस्टेबल शैलेंद्र (29) और वाहन चालक विष्णु आर (35) की जान चली गई। अधिकारी ने बताया कि धमाके की सूचना मिलने के बाद अतिरिक्त सुरक्षा बल मौके पर पहुंच गए हैं तथा शवों को जंगल से बाहर निकाला जा रहा है। उन्होंने बताया कि इलाके में तलाशी अभियान जारी है।

## पुलिस से तंग आकर पीड़ित ने मौत को गले लगाया

- » मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय विधायक डॉ धर्मपाल सिंह चौहान
- » पूरे मामले की उचित जांच कर की जाए आरोपियों पर उचित कार्यवाही : विधायक
- » विधायक धर्मपाल सिंह चौहान के आश्वासन पर बॉडी का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया
- » क्षेत्रीय विधायक ने सभी सक्षम अधिकारियों को फोन के माध्यम से जानकारी देकर मौके पर बुलाया और उचित कार्यवाही की मांग की



**मीडिया फॉर यू, आरिफ बाबा**

**आगरा।** एत्मादपुर ।थाना बरहन क्षेत्र के गांव रूपधनू में सादाबाद पुलिस के उत्पीड़न से तंग आ कर 45 बर्षीय संजय सिंह पुत्र सुनहरीलाल ने पेड़ पर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों ने वारदात की क्षेत्रीय विधायक डॉ धर्मपाल सिंह चौहान को सूचना दी मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय विधायक डॉ धर्मपाल सिंह चौहान विधायक द्वारा सक्षम अधिकारियों को जानकारी दी गई मौके पर पहुंचे सक्षम अधिकारियों ने उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। उसके बाद पारिवारिक जुनून में बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए जाने की अनुमति दी। घटना की सूचना मिलते ही एसीपी डॉ सुकन्या शर्मा एवं बरहन थाना अध्यक्ष राजीव कुमार राघव का फोर्स घटना स्थल पहुंच कर घटना की जानकारी करने में जुट गया है।

परिजनों के अनुसार गांव रूपधनू निवाड़ी संजय सिंह का साला कुछ दिनों पहले हाथरस के सादाबाद से एक नवालिंग युवती को भगा ले गया था। तभी से हाथरस की सादाबाद पुलिस उसे टॉर्चर कर रही थी। 9 जून को सादाबाद पुलिस संजय को घर से लगी और उसकी थाना में जमकर पिटाई की, पुलिस ने 22 जून तक युवती लाने का कहकर उसे छोड़ दिया था। आज सुबह सादाबाद पुलिस के डर से संजय ने खेत मे खड़े एक पेड़ पर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। और सैंकड़ो की संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए। सूचना पर एससीपी डॉ सुकन्या शर्मा, थानाध्यक्ष राजीव राघव मय फोर्स के घटना स्थल पहुंचे। शव को पुलिस फंदे से उतारने का प्रयाश किया लेकिन परिजनों ने नहीं उतारने दिया। उनकी मांग है कि सादाबाद पुलिस के दरोगा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए। फिलहाल काफी संख्या में पुलिस फोर्स घटना स्थल पर मौजूद है। बरहन थाना अध्यक्ष राजीव कुमार राघव द्वारा बताया गया बॉडी का पोस्टमार्टम कर बॉडी का अंतिम संस्कार किया जा रहा है मौके पर शांति व्यवस्था है।

## तमिलनाडु जहरीली शराब त्रासदी: भाजपा ने इंडिया गठबंधन के नेताओं की चुप्पी पर उठाए सवाल



**नई दिल्ली।** भाजपा ने रविवार को तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले में हुई जहरीली शराब त्रासदी को लेकर डीएमके सरकार पर निशाना साधा। इस त्रासदी में 56 से ज्यादा लोगों की जान चली गई। मरने वालों में मुख्य रूप से दलित समुदाय के लोग शामिल थे।

इस मुद्दे पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने इस त्रासदी पर कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के अन्य नेताओं की चुप्पी और राज्य सरकार की सहभागिता पर सवाल उठाया। भाजपा ने 56 लोगों की मौत के लिए राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराया और इसे राज्य प्रायोजित हत्या करार दिया। साथ ही पूछा कि मुख्यमंत्री एमके स्टालिन इस मुद्दे पर सफाई क्यों नहीं दे रहे हैं? भाजपा प्रवक्ता ने सवाल किया, "इन लोगों की मौत पर वह कब बयान देंगे? कलेक्टर ने जहरीली शराब से हुई मौतों से इंकार क्यों किया? मामले को भटकाने की कोशिश क्यों की? क्या शीर्ष नेतृत्व की ओर से कोई आदेश दिया गया था?" संबित पात्रा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और इंडिया गठबंधन के अन्य सदस्यों की चुप्पी पर सवाल उठाया।

पात्रा ने कहा, यह दुर्घटना नहीं बल्कि हत्या है। इतने सारे दलितों ने अपनी जान गंवा दी है और फिर भी सभी चुप हैं। ऐसा सिर्फ इसलिए है क्योंकि यह मामला उनके राजनीतिक हितों से मेल नहीं खाता। उन्होंने पूछा, "मैं जाति के आधार पर मौतों में भेद नहीं करना चाहता। जो लोग कैंडल मार्च निकालते हैं, जो लोग दलितों के अधिकारों के लिए लड़ते हैं, वे लोग आज कहां हैं? यह त्रासदी कल्लाकुरिची के दलित बहुल क्षेत्र करुणापुरम गांव में घटी। यहां अवैध शराब के सेवन से 56 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। कई अन्य गंभीर रूप से बीमार हैं। करीब 200 लोग अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। भाजपा प्रवक्ता ने प्रशासन के अधिकारियों तथा अवैध शराब के कारोबार के पीछे शामिल लोगों के बीच कथित मिलीभगत के बारे में जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि यह कारोबार कस्बे में कई दशकों से चल रहा था। पुलिस व प्रशासन में सभी को इसकी जानकारी थी। पत्रकारों ने भाजपा प्रवक्ता से पूछा कि 50 से अधिक लोगों की जान लेने वाली जहरीली शराब त्रासदी में वह तमिलनाडु सरकार से क्या कार्रवाई की उम्मीद करते हैं। इसके जवाब में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से मेरा सवाल है कि क्या आप इसमें शामिल हैं या नहीं? आपकी ओर से कौन जवाब देगा?


## गोधर 26 से लेकर सीएचपी 3 तक नही थम रहा कोयला का अवैध कारोबार



**मीडिया फॉर यू**

अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ के जिला अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने झारखंड डीजीपी को पत्र लिखकर कहा की कुसुण्डा एरिया 6 अन्तर्गत गोधर 26 से लेकर सीएचपी 3 तक बड़े पैमाने पर हो रहा कोयला का अवैध कारोबार, सूत्रों से मिली जानकारी की कोयला माफिया पप्पू मंडल का चल रहा है गोधर में कोयला का करोबार रात्री में खुलेआम हाईवा में कोयला लोड करवाकर भेजा जाता है कोयला के भट्ठे में अभी तक नही लगा अवैध कारोबार पर रोक इससे कोयले की खेल में सीआईएसएफ की भी बड़ी भूमिका निभा रहे है जिससे प्रत्येक दिन रात्री में होता है कोयला की अवैध तस्करी, सीएचपी बंद हो जाने के बाद किस अधिकारी के आदेश पर रात्रि में सीएचपी के पास कोयला गिराया जाता है और फिर सीएचपी पास गिराया हुआ कोयला , ट्रक और हाइवा में लोड करवा कर पप्पू मंडल के आदमी कोयले के भट्ठे में भेज देते है लेकिन फिर भी आज तक नहीं हुआ पप्पू मंडल पर कार्रवाई, कि मैन रोड के पास ही सीएचपी है लेकिन आज एरिया 6 के परियोजना पदाधिकारी कोयला चोरी रोकने में विफल साबित होते आ रहा है क्यों की सूत्रों से यह जानकारी मिली है की कोयला माफिया पप्पू मंडल के साथ अच्छा साठ गांठ है परियोजना पदाधिकारी का जो क्षेत्र में एक चर्चा का विषय बना हुआ है ,

## पांच साल में लखनऊ भारत के टॉप तीन शहरों में होगा शामिल: राजनाथ सिंह



**लखनऊ।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारा प्रयास होगा कि पांच साल में लखनऊ भारत के तीन बड़े शहरों की कतार में आकर खड़ा हो। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को लखनऊ में एक स्वागत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आपको बताना चाहूंगा कि अभी हमारा लखनऊ भारत के टॉप 10 शहरों में है। पांच सालों में यह देश के तीन बड़े शहरों की कतार में आकर खड़ा होगा। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित बनाने का संकल्प लिया गया है, तो यह मैंने भी संकल्प लिया है कि हम सांसद रहें या ना रहें, मैं लखनऊ को विकसित बनाने का कार्य करूंगा। रक्षामंत्री ने कहा कि अटल जी का जन्म शताब्दी समारोह भव्य रूप से शानदार तरीके से मनाया जाए और इसके लिए उन्होंने उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, महानगर अध्यक्ष और वरिष्ठ नेताओं से कहा कि इसकी तैयारी अभी से करें। यदि मैं दिल्ली में रहता हूं तो लखनऊ के कार्यकर्ता मुझसे बगैर मिले वापस नहीं लौटता है। मैं बार-बार कहता रहा हूं कि हम राजनीति केवल सरकार बनाने के लिए नहीं करते हैं, हम राजनीति देश बनाने के लिए करते हैं। हम राजनीति चुनाव जीतने के लिए नहीं, समाज बनाने के लिए करते हैं ।

राजनाथ सिंह ने कहा कि मैंने जात-पात और धर्म के आधार पर कभी भी राजनीति नहीं की है। मानवीय धर्म के आधार पर हमको कार्य करना चाहिए। मन बड़ा करके ही मनुष्य अपने जीवन को सार्थक बन सकता है, छोटे मन का व्यक्ति लाख कोशिश कर ले, लेकिन अपने जीवन को सार्थक नहीं बना सकता। उन्होंने कहा कि लखनऊ में कितना हुआ है, कितना नहीं हुआ है, उसको मैं अपने मुंह से नहीं कहूंगा, यह आप महसूस करते होंगे और जनता महसूस करती होगी। वोट हमारे लिए महत्वपूर्ण नहीं है, लखनऊ का विकास मेरे लिए महत्वपूर्ण है। लखनऊ में विकास की गति को रुकने नहीं दूंगा।

## सम्पादकीय

# झूठी शान के लिये बर्बरता

यह अमानवीय कृत्य तार्किकता से परे है कि बेटियों को निर्ममता से इसलिये मार दिया जाए कि उन्होंने अपनी मर्जी के जीवनसाथी के साथ अपनी नई दुनिया बसाने का फैसला ले लिया है। निस्संदेह, मां-बाप बड़े अरमानों से जिगर के टुकड़े को पालते-पोसते हैं। उनके भविष्य व वैवाहिक जीवन को लेकर उनके भी सपने होते हैं। लेकिन जब 21वीं सदी में उम्मीदों के नये आकाश तलाशती बेटियों के कदम दैहिक आकर्षण व सुकोमल अहसासों के चलते मनमर्जी की दिशा में बढ़ने लगते हैं तो उसके लिये मरने-मिटने वाले परिजन क्रूरता से उसका जीवन खत्म कर देते हैं। निस्संदेह, सदियों पुरानी रूढ़ियों व जातीय ग्रंथियों वाला हमारे समाज का एक तबका पूर्वाग्रहों से मुक्त नहीं हो पा रहा है। उसके परिवारिक निर्णय आज भी समाज में लोकलाज और कथित शान के नजरिये से प्रभावित होते हैं। यह समझ से परे है कि जिस हरियाणा की बेटियां तमाम खेलों में सोने के तमगे बटोरने से लेकर एवरेस्ट की चोटियों की ऊंचाइयां बार-बार नाप रही हैं, उस समाज में बेटियों को लेकर ये दकियानूसी सोच क्यों है? क्यों बहन की रक्षा के लिये राखी बंधवाने वाला भाई आवेश में उसकी जान ले लेता है? वो कितना भयानक मंजर होगा जब बहन भाई को हत्यारे के रूप में आता देखती होगी? निश्चय ही इक्कीसवीं सदी में कथित ऑनर किलिंग की घटनाएं किसी भी सभ्य समाज के मुंह पर तमाचा ही है। देश-दुनिया में ऐसी क्रूरता का कोई अच्छा संदेश नहीं जाता। प्रगतिशील सोच की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से तीन तरफ से जुड़े हरियाणा में सोलहवीं सदी की सोच क्यों जीवित हो रही है यह समाज विज्ञानियों के लिये विचारणीय प्रश्न है। इसके बावजूद जीवन के तमाम क्षेत्रों में हरियाणा ने नये मानक स्थापित किये हैं। लेकिन सिरसा की सरबजीत कौर और कैथल की कोमल रानी की दिल दहला देने वाली हत्याएं हजार सवाल पूछती हैं। भले मां-बाप की दृष्टि में जीवन साथी चुनने में उन्होंने गलती की हो, लेकिन इस पर आदिम युगीन दंड उससे बड़ा अपराध है। बहरहाल, इस घटनाक्रम के आलोक में यह विरोधाभास भी सामने आता है कि जो राज्य अपनी महिला खिलाड़ियों, विशेषकर पहलवानों के लिये दुनियाभर में प्रसिद्ध है, उस समाज में कुछ बेटियों को लैंगिक अन्याय का दंश क्यों झेलना पड़ रहा है। वह भी उस हरियाणा में जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनवरी 2015 में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम की शुरूआत की थी। पूरे देश में इस मुहिम को सकारात्मक प्रतिसाद भी मिला। इस मुहिम का मकसद राज्य में शिशु लिंगानुपात में सुधार करना और नारी सशक्तीकरण को बढ़ावा देना था। निश्चित रूप से पिछले वर्षों में राज्य में जन्म के समय के लिंगानुपात के आंकड़ों में सुधार भी आया। जो हरियाणा लिंगभेद के लिए सवालों के घेरे में था, वहां यह अनुपात नौ सौ का आंकड़ा भी पार कर गया। लेकिन इसके बावजूद सामाजिक परिवर्तन के दीर्घकालीन लक्ष्य पाने में सफलता नहीं मिली, विशेष रूप से ग्रामीण हरियाणा में। दरअसल, राज्य में एक तबके में पितृसत्तात्मक मानसिकता की जड़ें खासी गहरी हैं। जो ग्रामीण समाज में लड़कियों के जीवन पर लगातार नकारात्मक प्रभाव डाल रही हैं। ये वही हरियाणा है जिसके बीबीपुर गांव में नौ साल पहले तत्कालीन सरपंच सुनील जागलान ने सेल्फी विद डॉटर अभियान की शुरूआत की थी। जिसकी शेष देश में ही नहीं विदेशों में भी खासी चर्चा हुई थी। तमाम माता-पिताओं ने बताने का प्रयास किया था कि उन्हें अपनी बेटियों पर गर्व है। निश्चित रूप से ऐसे प्रगतिशील कदम समाज की सोच में बदलाव के लिये उत्प्रेरक की भूमिका निभाते हैं। ऐसी एक नहीं तमाम प्रगतिशील पहलों के लिये प्रयास होने चाहिए। बहरहाल, जिस हरियाणा की बेटियां तमाम वैश्विक स्पधाओं में सफलता के नये आयाम स्थापित कर रही हैं, वहां से कोई नकारात्मक संदेश नहीं जाना चाहिए। हालांकि, किसी भी सभ्य समाज में ऑनर किलिंग जैसी अमानवीय प्रवृत्ति को तार्किक नहीं ठहराया जा सकता, लेकिन बेटियों को भी बदलते परिवेश में कई मुद्दों पर गंभीरता से सोचना चाहिए। उन्हें अपने जीवन से जुड़ा निर्णय लेने का पूरा अधिकार है, लेकिन उससे पहले सामाजिक, शैक्षिक व आर्थिक दृष्टि से इतनी मजबूत बनना होगा, ताकि उनके फैसले पर किंतु-परंतु न हो।

# मोदी कॉलेज में भव्यता के साथ मना दसवा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**मीडिया फॉर यू**

**मोदीनगर।** दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024, जिसका थीम ह्लस्वयं एवं समाज के लिए योगह्व रहा। स्थानीय डॉ० के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर में, 35 यू पी वाहिनी एन सी सी मोदीनगर एवं डॉ० के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर के संयुक्त तत्वाधान में भव्यता के साथ धूमधाम से मनाया गया, जिसमें 260 एन सी सी कैडेट्स के साथ विद्यालय के छात्रों,शिक्षकों एवं सैकडो प्रबुद्धजनों ने बड़े मनोयोग से योगाभ्यास कर आम जन को योग को नित्य प्रतिदिन अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने हेतु प्ररित किया। विदित हो जिलाधिकारी गाज़ियाबाद एवं शिक्षा विभाग के आदेशों के अनुक्रम में जिला प्रशासन गाज़ियाबाद के द्वारा भारतीय संस्कृति के द्धोतक योग की जागरूकता व इसके प्रचार प्रसार के साथ साथ पर्यावरण के लिए जीवन शैली का अनुकरण करने के क्रम में ह्ल स्वयं और समाज के लिए योगह्व कार्यक्रम का आयोजन कर योग की महत्ता को अंगीकार करते हुए आमजन को अपने जीवन में योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान स्थानीय योग प्रशिक्षक नरेश कुमार शर्मा (योग जिला प्रधान), बृज किशोर गुप्ता जिला संगठन मंत्री एवं अनिल कुमार गोड क्षेत्र- प्रधान एवं योग संस्था के संरक्षक आर डी गुप्ता के निर्देशन में एन सी सी कैडेट्स एवं छात्रों ने योग की बारीकियों को सीखा ।कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर और योग प्रशिक्षक अनिल गौड़ ने संयुक्त रूप से तथा अध्यक्षता प्रधानाचार्य सतीश चंद अग्रवाल ने की। प्रधानाचार्य सतीश चंद अग्रवाल ने सभी आगुन्तको का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए सभी को योग के इस विशाल एवं भव्य आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।इससे पूर्व उपजिलाधिकारी (न्यायिक) राजेन्द्र शुक्ला, प्रधानाचार्य सतीश चंद अग्रवाल, योग प्रशिक्षक नरेश कुमार शर्मा, बी के गुप्ता, आर डी गुप्ता के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर विधिवत योग कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। इस अवसर पर 35 यू पी वाहिनी एन सी सी एस कमान अधिकारी कर्नल आर पी दहिया, एसएम राजेन्द्र सिंह,एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर, हवलदार संतोष , मुरारी,फूर्रबा शेरपा,सीटीओ राजीव जाँगिड, चीफ आफि सर राजीव मैत्रे , आर के सिंह , संजीव कुमार ,राम कुमार , योगेन्द्र कुमार, संजय बंसल ,डा० नीतू चौधरी, शिवानी बागोरिया, रुमा चौधरी, नरेन्द्र कुमार , राजीव कुमार ,संजीव चौधरी,राजीव सिंह, डीओसी स्काउट श्याम सिंह,गौरव त्यागी, सुशील हरित, सुनील कुमार, अजय कुमार,राहुल त्यागी ,सतीश कुमार,नितिन कुमार कोमल त्यागी आदि उपस्थित रहे ।





# महिला दरोगा ने की थी इंस्पेक्टर की शिकायत- कहा मेरे आवास पर सोया करो

## थाना एत्माउद्दोला प्रभारी और एसएसआई निलंबित

**मीडिया फॉर यू, आरिफ खान बाबा**

**आगरा –** थाना एत्माद्दौला की प्रशिक्षु महिला उपनिरीक्षक की शिकायत के प्रकरण में थाने के प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश कुमार मिश्र व वरिष्ठ उप निरीक्षक अमित प्रसाद को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। डीसीपी सिटी सूरज राय ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि प्रकरण की जांच एसीपी एत्मादपुर द्वारा की जा रही है। डीसीपी ने बताया कि एसीपी एत्मादपुर सुकन्या शर्मा की जांच में प्रथमदृष्टया शिकायत सही पाई गई। पुलिस आयुक्त ने इंस्पेक्टर के साथ ही थाना एत्माद्दौला के एसएसआई अमित कुमार को भी अनुशासनहीनता की शिकायत मिलने पर निलंबित कर दिया।

जानकारी के अनुसार एतमाउद्दोला थाने में बीते शुक्रवार की रात को महिला दरोगा को लेकर चर्चाओ से पुलिस महकमे में खलबली मची थीं। शनिवार को प्रशिक्षु महिला दरोगा खुलकर इंस्पेक्टर के खिलाफ आ गईं। और प्रशिक्षु महिला दरोगा ने पुलिस आयुक्त जे रविन्द्र गौड़ से लिखित शिकायत करते हुए आरोप लगाया कि विगत 17 मार्च को उन्होंने थाने में आमद कराई थी। थाने के इंस्पेक्टर फोन पर अश्लील कमेंट करते थे और ऑफिस में बैठाकर अश्लील बातें करते थे। शिकायत में कहा गया कि होली के दिन उसके साथ गलत हरकत करने का प्रयास किया। इंस्पेक्टर ने धमकाया कि बात नहीं मानी तो तुम्हारी रिपोर्ट दे दूंगा। तुम्हारी अभी नई नौकरी है छूट जाएगी। और आए दिन मुझे आवास पर बुलाने की कहते हैं। और कहते हैं कि मेरे आवास पर सोया करो। जब मैंने थाने के बाहर कमरा लेने को कहा तो इंस्पेक्टर नाराज होते उसकी जीडी में रपट लिखा दी। और हिदायद दी कि थाने के बाहर कमरा नहीं लेना है। आरोप यह भी है कि अभी हाल ही में वह छुट्टी लेकर गई थी। इस दौरान इंस्पेक्टर ने उसकी लोकेशन निकलवाई गई। प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि इंस्पेक्टर उससे कहते हैं कि घर पर शादी की मना कर दो। वह उससे शादी करेंगे। वे मेरा शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करते हैं। 20 जून को रात 12 बजे फोन कर कहा कि गर्मी बहुत है। उनके कमरे में एसी लगा है। वहां आकर सो जाओ। इंस्पेक्टर आए दिन उल्टा सीधा बोलते हैं। उसके शरीर को जबरन गलत तरीके से पकड़ते हैं।


# थाना हाईवे पुलिस द्वारा ऑपरेशन जागृति कार्यक्रम आयोजित कर किया गया जागरूक



**मीडिया फॉर यू ब्यूरो रिपोर्ट जितेंद्र शर्मा**

**जनपद मथुराः** अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन, आगरा द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन जागृति (फेज-02) अभियान के क्रम में आज दिनांक 23 जून को थाना हाईवे पुलिस टीम द्वारा महिलाओं को जागरूक कर अभियान के क्रियान्वयन उद्देश्य एवं अभियान को सफल बनाने के संबंध में साइबर अपराध, बालिकाओं को साइबर हिंसा/यौन शोषण से बचाव हेतु जागरूक व सचेत करना, पॉक्सो अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों के प्रति जागरूक व सचेत करना, किशोर/किशोरियों के साथ हेल्दी रिलेशनशिप व जीवनशैली पर अभिभावकों को जागरूक करना, महिलाओं/बालिकाओं को अपने अधिकारों व सुरक्षा के बारे में समझ व जागरूकता पैदा करना । समुदाय को झूठे मुकदमों से होंने वाली क्षति के बारे में जागरूक करना व ऐसे मामलों में कमी लाना। विशेषकर महिलाओं की सुरक्षा हेतु बनाए गए कानूनों का दुरुपयोग के प्रति लोगों को सचेत करना ।

# वृंदावन में प्रसिद्ध जिंदल मेमोरियल हॉस्पिटल में लगाया गया निशुल्क स्वास्थ शिविर



**मीडिया फॉर यू, जितेंद्र शर्मा**

**जनपद मथुराः** जनपद के वृंदावन में कैलाश नगर के सामने प्रसिद्ध जिंदल मेमोरियल हॉस्पिटल में पूज्यनीय स्वः शांति गोस्वामी की पुण्य स्मृति में एक निशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अधिक संख्या में मरीजों का इलाज किया गया। यह शिविर सुबह 11 बजे से दोपहर के 2 बजे तक लगाया गया। जिसमें मरीजों के लिए निशुल्क परामर्श और जांच की गई। इस भीषण गर्मी में मरीजों को बचाव के उपाय भी और जागरूक किया। संस्था के चेयरमैन दास बिहारी अग्रवाल ने सभी ब्रजबासियो को स्वास्थ के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। संस्था की डायरेक्टर डॉ प्राची अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि हम जरूरत मंद लोगों के ऐसे निशुल्क शिविर का समय समय आगे भी आयोजन करते रहेंगे। डॉ भरत अग्रवाल ने कहा कि हमारी संस्था का उद्देश्य है कि लोगों को बेहतर स्वास्थ सेवा प्रदान की जाए। इस शिविर में डॉ शिव कुमार (हड्डी रोग विशेषज्ञ) ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस शिविर के आयोजन से मरीजों ने संस्था के डॉक्टर्स का और स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

# नियम कायदे ताक पर रखकर तालाब में गरजने लगी जेसीबी मशीन

**मीडिया फॉर यू**

**बाराबंकीः अशरफ अली**

सभी सरकारी नियम कायदे ताक पर रखकर जेसीबी मशीन तिलोकेश्वर तालाब में गरजने लगी। आखिर तालाब में किस काम के लिए जेसीबी चलवाई जा रही इस सवाल का जवाब प्रधान से लेकर मनरेगा मेट व ग्राम रोजगार सेवक सहित ब्लाक तक का कोई कर्मी नहीं दे रहा। कुछ ग्रमीणों ने बताया कि इस तालाब को अमृत सरोवर के रूप में चयनित किए जाने का प्रस्ताव किया गया है।शायद इसीलिए बार बार जेसीबी मशीन टुकड़ों में कामकर रही है। इससे कुछ दिन पूर्व भी तालाब में जेसीबी मशीन खुदाई कर गड्ढा बनाया था तो उस दौरान सैकड़ों मछलियाँ मर गई थी।वहीं ग्रामीणों ने यह भी कारण बताया कि तालाब के अगल बगल प्रधान की व उनके रिश्तेदारों की जमीनें हैं जिसके लिए मनमानी तरीकों से तालाब का मूल नक्शा व रकबा बदलकर उन अपनी जमीनों का रकबा बढ़ाने व उनके लिए रास्ता बनाने का कुचक्र रचकर जेसीबी मशीन चलवाई जा रही है।



यह पूरा मामला है विकास क्षेत्र त्रिवेदीगंज की ग्राम पंचायत गौरवाउसमानपुर के मजरे तिलोकपुर स्थित तिलोकेश्वर तालाब का। सरकारी अभिलेखों में गाटा संख्या 107 तालाब रूप में दर्ज है। तालाब सुप्रसिद्ध तिलोकेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण से सटा है। इस तालाब का वर्ष 2000 से अब तक पाँच प्रधानों तेज प्रकाश, ननकई, सन्तदीन,शशिकिरण व वर्तमान प्रधान इन्द्र कुमार ने लगभग पच्चीस लाख रुपए सुन्दरीकरण व रखरखाव के नाम पर खर्चा किए हैं।बावजूद इसके वर्तमान प्रधान द्वारा इसी तालाब को अमृतसरोवर के रूप में भी प्रस्तावित किया गया है। नियमानुसार तालाब सहित सभी प्रकार के काम गाँव में मनरेगा के तहत होने चाहिए पर यहाँ मनरेगा में गरीबों की रोजी रोटी को ठेंगे पर रखे जाने को प्राथमिकता दी गई।और खुदाई का काम जेसीबी मशीन से कराया जाने लगा।जबकि गाँव के मध्य स्थित तालाबों का कोई पुरसाहाल नहीं है।

तिलोकेश्वर तालाब से ही सटी उत्तर गाटा संख्या 108 व पूरब में गाटा संख्या104/05 खुद प्रधान व उनके रिश्तेदारों की जमीनें हैं। जिनके लिए कोई रास्ता नहीं है।उन जमीनों को वेशकीमती बनाने के लिए ही तिलोकेश्वर तालाब की जमीन का उपयोग अमृतसरोवर की रूप में खुदाई से पूर्व रास्ता बना लेने के लिए किया जा रहा है। इसी मंशा को पूरा करने के लिए ही शनिवार रात में अचानक जेसीबी मशीन तिलोकेश्वर तालाब में खुदाई कर पटाई करने के लिए उतार दी गई जो रविवार को भी चलती रही। शनिवार के दिन का चयन इसीलिए किया गया ताकि कोई अधिकारी रविवारीय छुट्टी के चलते गाँव नहीं पहुँच सकेगा।जब तक कोई कार्रवाई होगी तब तक रास्ते का कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

# आगरा जोरो नाइट क्लब में मारपीट , मैनेजर और तीन बाउंसर गिरफ्तार

**मीडिया फॉर यू, आरिफ खान बाबा**

**आगरा–** आगरा के थाना ताजगंज क्षेत्र में स्थित एक नाइट क्लब में बीती रात मारपीट का एक वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने क्लब के मैनेजर और तीन बाउंसरों को गिरफ्तार कर लिया है। मामला ताजनगरी फेस 2 स्थित जोरों नाइट क्लब का है जहां बीती रात मारपीट हुई थी। घटना का वीडियो वायरल हुआ था जिसमें क्लब के बाउंसर्स द्वारा कुछ युवकों की डंडों से पिटाई लगाते दिख रहे हैं। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि नाइट क्लब में कुछ युवकों के बीच में आपस में झगड़ा के बाद मारपीट हो गई। इसके बाद क्लब के बाउंसरों ने हंगामा कर रहे युवकों को डंडों से जमकर पीटा। पुलिस ने वायरल हुए वीडियो का संज्ञान लेते हुए मैनेजर व बाउंसर्स पर कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया। बताया गया है कि जोरो नाइट क्लब की कुछ दिन पहले ही ओपनिंग हुई है। शनिवार रात कुछ युवक डांस करते समय आपसे में लड़ने लगे। गिलास और बोतल फेंकने लगे। क्लब के बाउंसरों ने युवकों को रोका। क्लब के बाउंसरों ने युवकों को अलग किया। मगर, हंगामा शांत नहीं हुआ। बाउंसर और गार्ड युवकों को लेकर बाहर आ गए। इसके बाद बाउंसर डंडे निकाल लाए। युवकों को उन्होंने डंडों से जमकर पीटा। क्लब में मौजूद अन्य लोगों ने घटना का वीडियो बनाया। डीसीपी सिटी सूरज राय ने बताया कि क्लब मैनेजर व तीन बाउंसर्स को गिरफ्तार कर कोर्ट के समक्ष पेश किया गया है। अन्य युवकों की तलाश की जा रही है।



# रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु ट्रेनों में जनरल कोचों की संख्या बढ़ाई जाएगी

**मीडिया फॉर यू, आरिफ खान बाबा**

**आगरा –** रेल प्रशासन अपने यात्रियों की सुविधाओं मे उतरोत्तर वृद्धि हेतु सदैव तत्पर रहता है। इसी क्रम में मेल और एक्सप्रेस ट्रेन में सामान्य श्रेणी कोच (जनरल कोच) की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत 2500 सामान्य कोच का अतिरिक्त उत्पादन करने का फैसला किया गया है। इससे सामान्य कोचों में अतिरिक्त 18 करोड़ से अधिक यात्री सालाना यात्रा कर सकेंगे। ये कोच रेलवे के प्रति वर्ष कोच उत्पादन के अतिरिक्त होंगे।

सामान्यतः एक्सप्रेस व सुपरफास्ट ट्रेनों में जनरल कोच दो से चार के बीच में होते हैं। योजना के मुताबिक जिन ट्रेनों में दो कोच हैं,उनमें इनकी संख्या बढ़ाकर चार कर दी जाएगी। रेलवे ने पिछले एक दशक में कोच उत्पादन क्षमता में तेजी से वृद्धि की है। वित्तीय वर्ष में 2014-15 में 555 एलएचबी कोच का उत्पादन किया गया। जबकि 2023-24 में 7,151 कोच का उत्पादन करने का लक्ष्य रखा गया। इस प्रकार चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में 8692 कोच उत्पादन किया जाएगा। जिसमें 50 अमृत भारत ट्रेन (पुल-पुश तकनीक) के लिए कोच बनेंगे। वंदे भारत ट्रेन के लिए 1600 कोचों का उत्पादन किया जाएगा। इस प्रकार दो कोच के हिसाब से मेल में 1250 और एक्सप्रेस ट्रेन में 2500 कोच लगाए जाएंगे। जिससे सामान्य कोचों में अतिरिक्त 18 करोड़ 25 लाख से अधिक यात्री ले जाने की सालाना क्षमता हो जाएगी। यह सभी कोच चालू वित्तीय वर्ष में बनकर तैयार हो जाएंगे।



## संक्षिप्त समाचार

### बढ़ती गर्मी के बीच विद्युत ट्रांसफॉर्मर में लगी आग, व्यापारी हुए परेशान



**मीडिया फॉर यू, सहारनपुर। काजी शाहिद अहमद**

महानगर में जामा मस्जिद चौक फव्वारा के पास लगा ट्रांसफार्मर धू-धू कर जलने से क्षेत्र में भगदड़ मच गई, गनीमत रही कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। मगर बत्ती गुल होने से व्यापारी परेशान हो गए हैं। जनपद में लगातार बढ़ गर्मी एक ओर से जहां लोगों व पशु-पक्षियों का जीना मुहाल हो गया है, वहीं बढ़ते तापमान के कारण विद्युत खपत से बढ़ते लोड को उठाने में विद्युत ट्रांसफॉर्मर भी विफल साबित हो रहे हैं। रविवार को महानगर के जामा मस्जिद चौक फव्वारा क्षेत्र में उस समय भगदड़ मच गई, जब वहां रखे विद्युत ट्रांसफॉर्मर में अचानक आग लग गई। और उसमें ऊँची-ऊँची लपटें उठने लगी। गनीमत रही की भीड़ भाड़ वाला इलाका होने के बावजूद कोई बड़ा हादसा घटित नहीं हुआ। मगर ट्रांसफार्मर में लगी आग के कारण आसपास के इलाके की बिजली गुल हो गई, जिस कारण भीषण गर्मी में व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी मे 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

**मीडिया फॉर यू**

**मोदीनगर।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, दिल्ली एनसीआर कैंपस, गाजियाबाद ने सफलतापूर्वक 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। यह आयोजन एक जबरदस्त सफलता थी, जिसमें एसआरएम-एनसीआर के डीन डॉ. आर.पी. महापात्रा, प्रबंधन अध्ययन के डीन डॉ. एन.एम. मिश्रा, विज्ञान और मानविकी के डीन डॉ. नवीन अहलावत, निदेशक डॉ. एस. विश्वनाथन जैसे प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ-साथ विभागों के प्रमुख, संकाय और स्टाफ के सदस्यों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। सत्र का नेतृत्व सहायक प्रोफेसर सोनिया पाल ने किया, जिन्होंने प्रतिभागियों को विभिन्न योग अभ्यासों के माध्यम से कुशलतापूर्वक मार्गदर्शन किया। प्रतिभागियों ने पूरे मन से योगासन, मुद्रा, ध्यान और प्राणायाम में भाग लिया, और प्रत्येक अभ्यास के लाभों का प्रत्यक्ष अनुभव किया।

पूरे सत्र के दौरान, कार्यक्रम की थीम, "स्वयं और समाज के लिए योग" पर जोर दिया गया, जिसमें योग के समग्र दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला गया जो न केवल व्यक्तियों को लाभ पहुंचाता है बल्कि समाज की बेहतरी में भी योगदान देता है। इवेंट का उद्देश्य व्यक्ति और समाज के बीच की आपसी आवश्यकता को जोर देना था, जिससे उपस्थित लोगों को अपने व्यक्तिगत कल्याण को ही महत्व देने के साथ-साथ अपने आचरण



और मानसिकता के द्वारा सामूहिक कल्याण पर कैसे सकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं, इस पर विचार करने की अपील की। इसने योग का महत्व बताया है जो सहानुभूति, समझ और दूसरों के प्रति कर्तव्य को पोषित करने के लिए एक उपकरण के रूप में उपयोग किया जा सकता है, जिससे अंततः एक समाज को प्रोत्साहित किया जा सकता है जो अधिक सम्मिलित और सहानुभूति भरा हो।

सामान्य योग अभ्यासों के अलावा, महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित विशेष सत्र भी आयोजित किए गए। इन सत्रों का उद्देश्य योग के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाना, आत्मविश्वास, शक्ति और आंतरिक शांति को बढ़ावा देना था। डॉ. रंजना दुबे, डॉ. गरिमा पांडे, डॉ. पल्लवी जैन, डॉ. रूपाली सिंह और संस्थान की कई प्रेरक महिलाओं को अपनी आंतरिक शक्ति को अपनाने और समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालने के लिए इसका उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

सराहना के प्रतीक के रूप में, सभी प्रतिभागियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की टी-शर्ट दी गईं, जो योग और इसके सिद्धांतों के प्रति उनके समर्पण का प्रतीक थीं। ये टी-शर्ट इस आयोजन और दैनिक जीवन में योग को शामिल करने के महत्व की याद दिलाती हैं।

सत्र के समापन पर, प्रतिभागियों को अंकुरित अनाज और जूस से युक्त सात्विक भोजन परोसा गया। सात्विक भोजन अपनी शुद्धता और मन और शरीर पर सकारात्मक प्रभाव के लिए प्रसिद्ध है। प्रतिभागियों ने पौष्टिक भोजन का भरपूर आनंद लिया।

# अग्रवाल समाज ने मेधावियों को किया सम्मानित

**मीडिया फॉर यू**

**शामली। अजीत कुमार श्रीवास्तव**

अखिल भारतीय अग्रवाल समाज शामली के तत्वावधान में छात्र-छात्रा प्रतिभा अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में अग्रवाल समाज के यूपी बोर्ड , सीबीएसई बोर्ड ,आईएससी बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

श्री हनुमान धाम स्थित अग्रसेन भवन में अखिल भारतीय अग्रवाल समाज शामली के तत्वावधान में मेधावी छात्र अलंकरण प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री विनीत अग्रवाल शारदा जी प्रदेश संयोजक



भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ नगरपालिका चेयरमैन शामली श्री अरविन्द संगल जी ० राकेश तायल जी वाईस चेयरमैन ढक्रव्ळ पानीपत ० शिव कुमार गुप्ता जी नगरपालिका चेयरमैन नकुड़ ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

इसके बाद यूपी बोर्ड,सीबीएसई बोर्ड ,आईएससी बोर्ड की 12वीं की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने 63 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विनीत अग्रवाल जी ने छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आप सब में साहस है ! धैर्य है ! शौर्य है ! हिम्मत कर निकल पढ़िए लोग आपके पीछे आते जायेंगे और दुनिया आपके कदम चूमेगी। अरविन्द संगल जी ने कहा सफलता वही पाता है जो निरंतर कोशिश करता रहता है । आपकी प्रतिभा में नेता ,आईएएस व सेना अधिकारी छुपे हुए हैं बस अपने अंदर के जज्बे को पहचाने और उस पर डटे रहे । अवसर पर अध्यक्ष विवेक बंसल ,कोषाध्यक्ष निर्भय संगल ,महामंत्री संजय अग्रवाल ,सचिन मित्तल ,गौरव गोयल ,आयुष्मान सिंघल ,मनोज मित्तल , संदीप मित्तल ,अंकित गुप्ता ,शिवम् जिंदल , विशाल गुप्ता ,सार्थक गर्ग ,विकास गोयल ,दानिष संगल ,पियूष गर्ग ,गौरव गर्ग ,शुभम संगल व सभी सदस्य मौजूद रहे मौजूद रहे।

# मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को फिर से बनाया अपना उत्तराधिकारी

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद एक बार फिर से उत्तराधिकारी घोषित कर दिया है। आकाश आनंद को फिर से पार्टी का नेशनल कोऑर्डिनेटर बना दिया गया है। लखनऊ में बसपा की बैठक में खुद मायावती ने इसका ऐलान किया। इससे पहले आकाश आनंद को उत्तराखंड में होने वाले उपचुनाव के लिए पार्टी ने स्टार प्रचारक बनाया था। इस लिस्ट में पहले स्थान पर बसपा मुखिया मायावती और दूसरे नंबर पर आकाश आनंद का नाम है। बसपा प्रमुख मायावती ने रविवार को पार्टी के सभी प्रदेश प्रमुखों के साथ करीब 3 घंटे



तक बैठक की। इस बैठक में आकाश आनंद भी शामिल हुए। बैठक में भतीजे आकाश आनंद ने बसपा प्रमुख के पैर भी छूए। मायावती ने भी भतीजे की पीठ थपथपाई और सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया। बसपा बिहार प्रदेश प्रभारी लाल जी मेधांकर ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि मायावती ने फिर से आकाश आनंद को उनके पद पर बहाल करते हुए नेशनल कोऑर्डिनेटर और अपना उत्तराधिकारी बनाया है। मायावती ने बैठक में बताया कि हमारी पार्टी यूपी समेत सभी जगहों पर उपचुनाव लड़ेगी।गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान सीतापुर में भड़काऊ भाषण देने के बाद बसपा के नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद को मायावती ने अहम जिम्मेदारियों से हटा दिया था। इसकी वजह उनका अपरिपक्व होना बताया गया था। बता दें कि आकाश आनंद ने सीतापुर में जनसभा के दौरान भाजपा नेताओं की तुलना आतंकवादियों से की थी। साथ ही, उन्हें जूतों से मारने की बात कही थी। इसके बाद बसपा सुप्रीमो ने आकाश आनंद को नेशनल कोऑर्डिनेटर के पद और अपने उत्तराधिकारी की जिम्मेदारी से हटाने का ऐलान किया था।

# मिजार्पुर पुलिस ने 6 शातिर गौकशों को गिरफ़्तार किया

**मीडिया फॉर यू**

**मिजार्पुर (सहारनपुर)। काजी शाहिद अहमद**

थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस ने 24 घण्टे में ही गोकशी की घटना का खुलासा करते हुए छः अभियुक्तों को गिरफ़्तार किया।

रविवार को थाना प्रभारी निरीक्षक बीनू सिंह ने गोकशी तस्करों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर ही गोकशी की घटना का खुलासा कर दिया। थाना प्रभारी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक भूपेश शर्मा, यशपाल सोम तथा नरेश कुमार ने सहयोगी टीम के साथ 6 शातिर गौकशो सब्बू पुत्र हनीफ, फरमान पुत्र इकबाल निवासीगण ग्राम जानीपुर, राशिद पुत्र वली मोहम्मद, मुस्तकीम पुत्र असलम निवासीगण ग्राम रहना, तारिफ पुत्र आलिम निवासी फैजाबाद व अनवार




पुत्र इस्लाम निवासी ग्राम कासमपुर थाना मिजार्पुर को गिरफ्तार किया। एवं गोकशो के कब्जे से गौकशी करने के उपकरण भी बरामद किए। थाना प्रभारी निरीक्षक बीनू सिंह ने आपराधिक गतिविधियों में लिप्त अभियुक्तों को चेताते हुए कहा की थाना क्षेत्र में गौकशी और नशीले मादक पदार्थों का धंधा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नही किया जाएगा, जो लोग गोकशी और नशे का कारोबार कर रहे हैं वो लोग या तो इन अवैध धंधों को बंद कर दें, वरना उनका स्थायी पता जेल होगा।

# भीम आर्मी एकता मिशन के कार्यकताओं ने राष्ट्रपति को सम्बोधित सात सूत्रीय ज्ञापन सीओ को सौंपा

### >> मांगे पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी

**मीडिया फॉर यू**

**नकुड़ (सहारनपुर)। काजी शाहिद अहमद**

भीम आर्मी एकता मिशन के कार्यकताओं द्वारा नगर में धरना प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन क्षेत्राधिकारी को सौंपा। मांगे पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी।

रविवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सैकड़ों भीम आर्मी एकता मिशन के कार्यकताओं ने सहारनपुर रोड स्थित निरीक्षण भवन पर एकत्रित होकर धरना प्रदर्शन किया। और राष्ट्रपति को सम्बोधित सात सूत्रीय मांगपत्र सौंपा। भीम आर्मी कार्यकताओं ने आरोप लगाते हुए कहा की प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा एससी/एसटी तथा ओबीसी पर लगातार अत्याचार किया जा रहा है।



जिससे गरीब जनता में भय का माहौल बना हुआ है। उन्होंने बीतिया गांव व मलकपुर की घटना के दबंग आरोपियों की गिरफ्तारी कर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। इसके अलावा उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा सीयूजी फोन नंबर पर कॉल करने पर फोन ना उठाने व कोतवाली में पीड़ितों की सुनवाई न किए जाने का भी आरोप लगाया। तथा नकुड़ कोतवाली में तैनात कुछ पुलिसकर्मी पर जातिवादी मानसिकता रखते हुए भीम आर्मी कार्यकताओं के साथ दुर्व्यवहार किये जाने तथा जानबूझकर उनके समाज के लोगों को अपमानित करने के गम्भीर आरोप भी लगाए। साथ ही रणदेवी गांव में तालाब की भूमि पर अवैध रूप से किए गए कब्जे को मुक्त कराए जाने की मांग भी की। संगठन के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विकास निडर ने कहा की यदि समय रहते हैं उनकी मांगे पूरी नहीं की गई, तो भीम आर्मी एकता मिशन के कार्यकर्ता सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। वहीं पुलिस क्षेत्राधिकारी वैभव पांडे ने संगठन के कार्यकताओं को उनकी मांगे उच्च अधिकारियों को भेजकर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान नायब तहसीलदार प्रवीण शर्मा राजेश अटवाल कोतवाल धर्मेंद्र गौतम अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक सिराजुद्दीन पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। जबकि धरना प्रदर्शन व ज्ञापन देने वाले लोगों में अर्जुन गौतम, पंकज बौद्ध, दिनेश रावण, सचिन बिहाना, अमरीश कुमार गौत्तम, विकास निडर, डॉ० सौरभ कटारिया, पिंटू कपिल, अनिल कुल्हेड़ी, नरेश आर्य, अनुज हैदरपुर, अंकित आर्य, अजय हैदरपुर, गोविन्द सरपंच, आशुतोष रमन, वीरेंद्र कुल्हेड़ी, पंकज मौर्य, अमरजीत आदि शामिल रहे।

# नगर में दिनदहाड़े गोलियां चलाकर व्यापारी को आतंकित किया, व्यापारी ने 40 हजार रुपये गायब करने का लगाया आरोप

**मीडिया फॉर यू**

**नकुड़ (सहारनपुर)। काजी शाहिद अहमद**

कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत अंबेहटा पीर में गोलियां चलाकर परचून व्यापारी आतंकित किया। व्यापारी ने दुकान से 40 हजार रुपये गायब करने का आरोप लगाते हुए नामदर्ज तहरीर दी पुलिस जांच में जुटी।

रविवार को कोतवाली क्षेत्र की अंबेहटा पीर पुलिस चौकी अंतर्गत कस्बे के मौहल्ला बोडा कुआं में बड़ी मस्जिद के पास स्थित परचून व्यापारी शाहनूर रहमान पुत्र अख़्तर को कुछ लोगों ने हथियारों के बल पर आतंकित किया तथा फायरिंग भी की। पीड़ित




व्यापारी ने जानकारी देते हुए बताया की मैं आप ई दुकान पर बैठा हुआ था तभी आहद पुत्र जिंदा हसन निवासी मौहल्ला किला अंबेहटा पीर अपने 3-4 अज्ञात साथियों के साथ तैयार तमंचे से पहले हवाई फायर किए, उसके बाद मेरी दुकान पर फायरिंग की मैंने भागकर जान बचाई एक गोली मेरे घर के गेट में आर-पढ़ो गई तथा अन्य गोली मेरी दुकान के शटर व दुकान में लगी। बताया की जब मैं दुक्सन पर वापिस लौटा तो दुकान पर रखे चालीस हजार रुपये गायब थे। पीड़ित व्यापारी ने एक नामदर्ज व अज्ञात के खिलाफ पुलिस चौकी में तहरीर दी है। अंबेहटा चौकी प्रभारी नरेंद्र भड़ाना ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि मामला पैसे के लेनदेन का बताया जा रहा है, जांच व तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर उचित कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# एसडीएम ने अवैध खनन के खिलाफ कार्यवाही कर खनन से भरी ट्रैक्टर ट्रॉलियां पकड़ी, मचा हड़कम्प

**मीडिया फॉर यू**

**नकुड़ (सहारनपुर)। काजी शाहिद अहमद**

तहसील क्षेत्र में खनन माफियाओं के जंगल राज खत्म करने के लिए एसडीएम ने राजस्व टीम के साथ देर रात को सड़कों पर निकली, तथा छापेमारी कर खनन से भारी पांच ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में लेकर पुलिस के हवाले किया।

अवैध खनन का धंधा तहसील क्षेत्र में बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। हरियाणा के ग्राम पुभारी से तहसील क्षेत्र में अवैध खनन की शिकायतें बार-बार नकुड़ उपजिलाधिकारी संगीता राघव को मिल रही थी। बीती मध्य रात्रि एसडीएम संगीता



राघव ने तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार एवं पुलिस अमले को साथ लेकर नकुड़-टाबर मार्ग पर गश्त की तथा टाबर घाट पर पहुंचकर छापेमारी की तो अवैध खनन होता पाया तथा वहां मौजूद पांच खनन से भरी ट्रैकटर ट्रालियों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

अचानक एसडीएम द्वारा पुलिस बल के साथ की गई छापेमारी से अवैध खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया। तथा आनन-फानन में कई दर्जन खनन माफिया हरियाणा राज्य की सीमा में ट्रालियां छोड़कर ट्रैक्टर लेकर फरार हो गए। एसडीएम ने बताया की पकड़े गए पांच खनन वाहनों को पुलिस के हवाले कर दिया गया है। उनका कहना है की क्षेत्र में किसी भी कीमत पर अवैध खनन नहीं होने दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा

**मीडिया फॉर यू, बिजनौर: अतीक अहमद**

चांदपुर बिजनौर में माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा प्राप्त निदेशों के अनुपालन में दिनांक 29.07.2024 से 03.08.2024 तक माननीय उच्चतम न्यायालय में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा उक्त आशय की जानकारी देते हुए सचिव अपर जनपद न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिजनौर श्रेय शुक्ला द्वारा बताया गया कि माननीय उच्चतम न्यायालय के समक्ष लम्बित प्रकरणों में सुलभ निस्तारण के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है पक्षकार अपने मुकदमों को सुलभ व आसानी तरीके से विशेष लोक अदालत में निस्तारित करा सकते हैं विशेष लोक अदालत में विशेषतः आपराधिक शमनीय वाद पारिवारिक मामले मोटरयान दुर्घटना अधिनियम के मामले भरण पोषण संबंधी मामले धारा 138 एन०आई०एक्ट के बाद क्षतिपूर्ति मामले सेवा संबधी मामले शैक्षणिक मामले उपभोक्ता संरक्षण सबंधी मामले धन वसूली संबंधित मामले भू-राजस्व वाद आदि मामलों को पक्षकार की पारस्परिक सद्भावना के अधीन सन्धि हेतु इच्छुक हो यह मामले विशेष लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किये जाएगें

### पुलिस ने अवैध खनन करते हुए पकड़े डंपर व जेसीबी



**मीडिया फॉर यू, बिजनौर: अतीक अहमद**

चांदपुर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिला बिजनौर के नहटौर और स्योहारा थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई दोनों थानों की पुलिस ने एक जेसीबी और 3 डंपरों को पड़कर किया और सीज कर दिया खनन माफिया दिन दहाड़े और रात के अंधेरे में जेसीबी और डंपर सहित खनन के अवैध कारोबार को दे रहे थे अंजाम जनपद बिजनौर में कई जगहों पर चल रहा है मिट्टी का अवैध खनन खनन माफियाओ के जिला बिजनौर में हो रहे हौसले बुलंद ईमानदार पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन के आदेशों की भी उढ़ाई जा रही थी तधज्जियां नहटौर और स्योहारा थाना पुलिस ने बिजनौर पुलिस अधीक्षक की रखी लाज एक जेसीबी 3 डंपरों को पड़कर किया सीज थाना स्योहारा के अंतर्गत आने वाले ग्राम स्यामाबाद में हो रहा था मिट्टी का अवैध खनन

### एक बच्ची की सेप्टिक टैंक में गिरकर मौत हो गई

**मीडिया फॉर यू, बिजनौर: अतीक अहमद**



चांदपुर तहसील के अंतर्गत सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम धींवरपुरा का है यहां पर जहीरूद्दीन का परिवार रहता है जहीरूद्दीन के परिवार में एक लड़का व दो लड़कियां थी जिसमें से एक 4 वर्षीय लड़की माहिरा की सेप्टिक टैंक में गिरकर मौत हो गई दोपहर जहीरूद्दीन की 4 वर्षीय लड़की माहिरा खेल रही थी खेलते खेलते वह घर से बाहर निकल गई और घर के पास में बने एक सेप्टिक टैंक में माहिरा गिर जब काफी समय तक लड़की घर नहीं पहुंची तो घर वालों ने उसकी तलाश शुरू कर दी लेकिन उसका पता नहीं चल सका किसी की नजर सेप्टिक टैंक पर पड़ी तो जिसमें लड़की का शव तेरता हुआ मिला लड़की का शव मिलने से परिवार में कोराहम मच गया परिवार के लोग उसे चिकित्सक के यहां ले गए जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया अचानक हुई लड़की की मौत से परिवार के लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है परिवार के लोगों ने उसका शव सुपुर्द ए खाक कर दिया

### सीएमओ ने किया आयुष्मान भव मेले का निरीक्षण

**मीडिया फॉर यू, अखिलेश कुमार दूबे**

बलरामपुर रविवार को जनपद के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयुष्मान भव स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुर में आयोजित आयुष्मान भव स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने किया। आज जनपद में आयोजित आयुष्मान भव मेले में कुल 1335 लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान किया गया। सीएमओ ने निर्दिशित किया कि आयुष्मान भव मेले में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को हीट वेव या लू से बचाव के संबंध में अवश्य जानकारी दें। सीएमओ के निरीक्षण में कुल पांच स्वास्थ्य कर्मी अनुपस्थित मिले, सभी अनुपस्थित पाए गए कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है , स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं होने पर आवश्यक कार्रवाई किया जाएगा। निरीक्षण के समय डीपीएम शिवेंद्र मणि त्रिपाठी,अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तुलसीपुर डॉ सुमंत सिंह चौहान व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तुलसीपुर के समस्त चिकित्सक तथा कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# आंवला के अल्ट्रासाउंड सेंटर की मुख्यमंत्री पोर्टल की गई शिकायत, मनगढ़ंत आख्या अंकित करने का आरोप

**मीडिया फॉर यू**

**बरेली।** आंवला नगर से लगातार शिकायतकताओं द्वारा नगर में चल रहे फर्जी हास्पिटलों, अल्ट्रासाउंड सेंटरों के फजीर्वाड़े से संबंधित शिकायतें बरेली सीएमओ व विभाग के अधिकारियों से शिकायतीपत्र, ज्ञापन व एक्स के माध्यम से की जा रही हैं ताकि स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर हो सकें। अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर पीसीपीएनडीटी एक्ट का पालन न होने व अस्पतालों में ईलाज में लापरवाही अनट्रेंड डाक्टरों के होने से हो रही मौंतो का सिलसिला रूक सके और नगर व आसपास के गांव से आने बाले गरीबों का ईलाज बेहतर और सही उचित सुविधा शुल्क में हो सके । शिकायतों से मानक विपरीत चल रहे हास्पिटल, अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालकों में खलबली मची हुई है तो वहीं इन शिकायतों के दौर में घूसखोर भी लगातार अपनी वफादारी निभाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं तमाम शिकायतों के बाद भी आंवला में मोटी कमाई कर रहे मानकों के विपरीत अल्ट्रासाउंड सेंटर हास्पिटल संचालकों की बल्ले-बल्ले है क्योंकि कलरफुल कागजों के सामने अच्छों अच्छों की आंखें बंद हो जाती हैं उनको भ्रष्टाचार के नाम पर कुछ दिखाई नहीं देता रंगीन कागजों की चकाचौंध में उनको क्लीन चिट दे दी जाती है या कुछ समय के लिए दिखावे की कार्यवाही कर वाह वाही लूट ली जाती है

ये हम नहीं कह रहे बल्कि इसका एक जीता जागता उदाहरण सामने आया है आपको बता दें।



शिकायतकर्ता एम के पटेल द्वारा फजीर्वाड़े से संबंधित आंवला के मेडिसिटी अल्ट्रासाउंड सेंटर की व अन्य हास्पिटल, नर्सिंग होम , अल्ट्रासाउंड सेंटर की संयुक्त शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई। जिसमें एम के पटेल के आरोप थे कि डॉ कीर्ति गुप्ता संविदा के आधार पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उझानी में स्त्री रोग विशेषज्ञ के पद पर नियुक्त हैं उझानी में मरीजों को उपचार न करके बदायूं बरेली में अपने कागजात अभिलेख किराए पर देकर झोलाछापों से चिकित्सीय कार्य करवा रही हैं

आपको बता दें उपरोक्त शिकायतकर्ता ने आंवला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने संचालित हो रहे मेडिसिटी अल्ट्रासाउंड सेंटर पर भी आनलाइन डॉ कीर्ति गुप्ता के अभिलेख दिखाये जाने के आरोप लगाये थे

शिकायतकर्ता एम के पटेल की शिकायत पर बरेली सीएमओ के निर्देश पर जांच हुई शिकायतकर्ता का आरोप है जांचकताओं द्वारा फर्जी मनगढ़ंत आख्या मुख्यमंत्री पोर्टल पर अंकित कर दी गई है। मेडिसिटी अल्ट्रासाउंड सेंटर पर आनलाइन डॉ कीर्ति गुप्ता के नाम से पंजीकृत प्रदर्शित है लेकिन मनगढ़ंत आख्या में दिखा दिया गया कि डॉ कीर्ति गुप्ता यहां कार्य नहीं करती हैं शिकायतकर्ता का आरोप है जब डा कीर्ति गुप्ता के नाम से मेडीसिटी अल्ट्रासाउंड सेंटर पंजीकृत है वह भी वहां कार्य नहीं करती । तो रोजाना वहां अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट बनाकर कौन दे रहा है कौन अल्ट्रासाउंड सेंटर पर अल्ट्रासाउंड कर रहा है। शिकायतकर्ता ने कहा वह स्वास्थ्य विभाग की इस मनगढ़ंत आख्या से संतुष्ट नहीं है। आपको बता दें पहले भी मेडिसिटी अल्ट्रासाउंड सेंटर द्वारा गलत अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट बनाकर देने का प्रकरण सामने आया था सूत्र बताते हैं मोटी कमाई करने वाला सेंटर संचालक कहता फिरता है उसकी स्वास्थ्य विभाग में अच्छी पकड़ उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता

## आजाद समाज पार्टी की मीटिंग आज डॉक्टर शादाब जमा खान सर्जन के कार्यालय उतरौला पर की गई

**मीडिया फॉर यू**
**मसीउद्दीन खान मस्सू**

**उतरौला बलरामपुरः** मीटिंग का संचालन आजाद समाज पार्टी के मंडल अध्यक्ष मोहम्मद आबिद ने किया और पुरानी कमेटी को भंग करके नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें नवनियुक्त पदाधिकारी की सूची इस प्रकार है। फैसल हसन खान, जिला उपाध्यक्ष बलरामपुर आजाद समाज पार्टी, भगवती प्रसाद, विधानसभा अध्यक्ष उतरौला आजाद समाज पार्टी, मोहम्मद तारीख, जिला सचिव आजाद समाज पार्टी, सरताज मोहम्मद, जिला संगठन मंत्री आजाद समाज पार्टी, जनार्दन प्रसाद वर्मा उर्फ



ननके वर्मा, जिला संगठन मंत्री आजाद समाज पार्टी, महेश प्रसाद भारती, जिला सचिव आजाद समाज पार्टी, राहत सोनकर, विधानसभा सचिव उतरौला आजाद समाज पार्टी, बनाया गया। व दर्जनों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली। प्रोग्राम में जिला प्रभारी लंकेश लालजी लहरी, विनोद सोनकर, जिला अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी, जयराम गौतम जिला महासचिव, राकेश भारती, जिला अध्यक्ष भीम आर्मी, महेश प्रसाद भारती, समेत संगठन के प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे। और सब ने एक स्वर में संगठन को विस्तार के बारे में चर्चा की और सर्व समाज के लोगों तक पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की चर्चा की गई। इस मौके पर डॉक्टर शादाब जमा खान सर्जन, मोहम्मद आबिद, विनोद सोनकर, डॉ मोहम्मद उस्मान, सूर्यभान, राजा भारती, रंजीत भारती, तारीख अहमद, आशिक अली, गौरी शंकर, केशव राम गौतम, राजेश सोनकर, राजकुमार, राजेंद्र भारती, भगवती प्रसाद, जग प्रसाद, एक राम एडवोकेट, बच्चा राम, समेत बहुत से कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मूसलाधार बारिश से लोगों को मिली राहत



**मीडिया फॉर यू, बिजनौर: अतीक अहमद**

चांदपुर बिजनौर के कई स्थानों पर पड़ी मूसलाधार बारिश बिजनौर वासियों को गर्मी से मिली राहत मूसलाधार बारिश पड़ने से बिजनौर के लोगों ने ली राहत की सांस मूसलाधार बारिश पड़ने से कई स्थान तालाब के रूप में हुवे तब्दील बिजनौर में बारिश पड़ने से टेंम्परेचर हुआ 34मूसलाधार बारिश होने से घर से निकाल कर लोग बारिश में नहाने के लिए हुए मजबूर जिला बिजनौर के नूरपुर का थाना बारिश पड़ने से बना तालाब

## विद्युत समस्या को लेकर जनप्रतिनिधियों ने एसडीएम उतरौला अवधेश कुमार को दिया ज्ञापन

**मीडिया फॉर यू**
**डा० सगीर अहमद खान**

**श्रीदत्तगंज (बलरामपुर):** विकास खण्ड श्रीदत्तगंज के चमरूपुर बाजार क्षेत्र की बिजली समस्या को लेकर एक ज्ञापन एसडीएम उतरौला अवधेश कुमार को कई ग्राम प्रधानों ने ज्ञापन देकर बिजली समस्या को दूर करने की मांग की है।

ग्राम प्रधानों ने एसडीएम उतरौला अवधेश कुमार को दिए गए ज्ञापन में लिखा है कि चमरुपुर फीडर उतरौला पावर हाउस से जुड़ा होने पर लगातार बिजली कटौती की जाती है। भीषण गर्मी में बिजली उपभोक्ता काफी परेशान हैं। बिजली विभाग में शिकायत किए जाने पर समस्या का समाधान एसडीओ बिजली व अन्य कर्मचारी नहीं करते हैं। यहां पर तैनात लाइन मैन काफी भ्रष्ट होने से बिना पैसा लिए बिजली की हुई गड़बड़ी को ठीक नहीं करता हैं । उसको हटाने के लिए कई बार बिजली विभाग



के अधिकारियों को अवगत कराया गया लेकिन अधिकारियों ने लाइन मैन के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है क ज्ञापन देने वालों में जिला पंचायत सदस्य शाहपुर इटई राम प्रताप वर्मा, ग्राम प्रधान चमरुपुर शिव शंकर, प्रधान बेलई बुजुर्ग गुलाम मोहम्मद, प्रधान मझौवा कान्द मैमुना खातून, प्रधान बनकटवा सायरा बानो, प्रधान रसूलपुर सूर निहालुददीन, प्रधान अहिरौला नगवा आमिर सिद्दीकी व प्रधान पिपरा राम चन्द्र समेत तमाम बिजली उपभोक्ता मौजूद रहे।

## मीडिया फॉर यू की खबर का असर

### उतरौला बस स्टेशन पर आरो सिस्टम ठीक होने के साथ-साथ बसों का आवागमन भी चालू

**मीडिया फॉर यू**
**मसीउद्दीन खान मस्सू**

**उतरौला बलरामपुरः** बस स्टेशन में आरो खराब व बसों के बस स्टेशन के अंदर ना आने को लेकर उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग के संज्ञान में मीडिया फॉर यू संवाददाता के द्वारा लाया गया। जिस पर विभाग ने कड़ा एक्शन लेते हुए रोडवेज बसों का आवागमन सुचारू रूप से चालू करवाया। और आवागमन पंजिका में काफी गाड़ियों का इन आउट मीडिया फॉर यू संवाददाता ने खुद देखा, और आरो सिस्टम का मरम्मत करवा कर चालू करवा दिया गया है।लोगों में इस काम को लेकर काफी संतुष्ट और खुशी नजर आई। इतनी भीषण गर्मी में साफ और स्वच्छ जल एवं रोडवेज बसों के बस स्टेशन तक आने और जाने को लेकर काफी खुशी है। साथ



ही लोगों ने आशंका व्यक्त की बस का आवागमन पहले की तरह फिर ना बंद हो जाए, और बस स्टेशन आवेवस्था का शिकार हो जाए। बड़े बाबू मोहम्मद वसी की तैनाती से रोडवेज बस स्टेशन में काफी सुधार देखा जा रहा है।

## यूनिक समय ने किया डॉ. गोपाल चतुर्वेदी का सम्मान

**मीडिया फॉर यू, जितेंद्र शर्मा**

**जनपद मथुराः** कृष्णा नगर स्थित "यूनिक समय" कार्यालय में मथुरा के अत्यंत लोकप्रिय व सम्मानित सांध्य दैनिक "यूनिक समय" के द्वारा विश्व पितृ दिवस (16 जून) के अवसर पर आयोजित परिचर्चा में शामिल में से कुछ चयनित हुए व्यक्तियों को आमंत्रित कर उनका अभिनंदन व सम्मान किया गया।उनका यह सम्मान दैनिक "यूनिक समय" के सम्पादक पवन गौतम ने स्मृति चिन्ह, उपहार व अंगवस्त्र आदि प्रदान कर किया।साथ ही उन्होंने इस आयोजन में उपस्थित हुए लेखकों व पाठकों से अपने विचार साझा करते हुए कहा कि



"यूनिक समय" को अपनी प्रकाशन यात्रा के पिछले 12 वर्षों में जो प्रशंसा व ख्याति अर्जित हुई है, वो आशातीत व अकल्पनीय है।इसके लिए मैं सभी का आभारी हूं। सम्मान प्राप्त करने वालों में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ गोपाल चतुर्वेदी, कपिल भाटिया, किशोर स्वर्ण इसरानी, कपिल अग्रवाल, डॉ. राधाकांत शर्मा, अनिल कुमार अग्रवाल, संजय जैन व पारुल जैन आदि प्रमुख रहे। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि सम्मान्य श्री राजन लाल गौतम की स्मृति में, उनकी प्रेरणा से प्रकाशित सांध्य दैनिक "यूनिक समय" समूचे देश में अत्यंत उत्सुकता व व्यग्रता के साथ पढ़ा जाता है।इसके द्वारा समाज व देश हित में मिशनबद्ध पत्रकारिता के जिन प्राचीन मानकों का निर्वाह किया जा रहा है, वो अति प्रशंसनीय है।इसके लिए "यूनिक समय" के चेयरमैन राजकुमार गौतम व संपादक पवन गौतम बधाई के पात्र हैं।संचालन "यूनिक समय" की पत्रकार खुशबू आचार्य ने किया।

## प्राचीन मदन मोहन मंदिर में आयोजित हुआ जल विहार यात्रा महोत्सव

**मीडिया फॉर यू, जितेंद्र शर्मा**

**जनपद मथुराः** धर्म नगरी के मदन मोहन घेरा क्षेत्र स्थित प्राचीन ठाकुर मदन मोहन मंदिर में जल बिहार यात्रा का महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मंदिर के सेवायत गद्दी नशीन विजय किशोर देव गोस्वामी महाराज ने बताया कि वृंदावन के सप्त देवालयों में लगभग 500 वर्षों से यह परंपरा चली आ रही है। जिसमें ठाकुर जी को गर्मी के भीषण ताप से बचाव हेतु जल बिहार यात्रा का आयोजन किया जाता है। जिसमें ठाकुर जी को ठंडक प्रदान करने वाले फूल बंगले में विराजमान किया जाता है और साथ ही जल की सहस्त्रों धाराओं से



ठाकुर जी को स्नान कराया जाता है। साथ ही ठाकुर जी को जड़ी बूटियां से निर्मित जल, फलों के रस आदि से स्नान कराया जाता है। जिसके बाद ठाकुर जी नवीन पोशाक धारण कर भव्य फूल बंगले में विराजमान होकर अपने भक्तों को दर्शन देते हैं। वहीं ठाकुर जी को शीतलताप्रदान करने के लिए मंदिर को भी फुब्बारो से सजाया जाता है और ठाकुर जी को शीतलता प्रदान करने वाले भोग अर्पित किए जाते हैं। जिस तरीके से शीत ऋतु में ठाकुर जी को गर्म वस्त्र धारण कराए जाते हैं। वैसे ही ग्रीष्म में ऋतु में भगवान को भीषण गर्मी से शीतलता प्रदान करने के लिए यह महोत्सव आयोजित किया जाता है। इससे भगवान को शीतलता प्रदान होती है। साथ ही जो श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आते हैं। उन्हें भी शीतलता प्रदान होती है। वही वृंदावन सेवा संस्थान के द्वारा ठाकुर जी को लाड लड़ाने के लिए भजन संध्या का आयोजन किया गया। साथ ही मौके पर ठंडाई एवं प्रसाद वितरण का भी आयोजन हुआ। महोत्सव में मुख्य रूप से अजय किशोर गोस्वामी, ब्रजेश किशोर गोस्वामी, शांतनु गोस्वामी, लक्ष्मण सर्राफ, गिरधारी मुकुट वाले, विश्वनाथ गुप्ता, एवं सैकड़ो भक्तगण मौजूद रहे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, नीरज कुमार गुप्ता ने मैं0 मोनेक्स ऑफसेट एस डी कांप्लैक्स निकट एमएमजी अस्पताल जी टी रोड, गाजियाबाद से मुद्रित कराकर बी 10/6 उमेश पार्क, मोदीनगर, जिला गाजियाबाद से प्रकाशित किया। सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र गाजियाबाद न्यायालय होगा। मोबाइल नं. 9870629696 संपादक नीरज कुमार गुप्ता